संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय, गुमला।

वर्ग छठवाँ एवं सातवाँ में नामांकन (सत्र 2023–2024) से संबंधित आवश्यक

सूचनाएँ

1. नामांकन की तिथि : वर्ग छठवाँ के लिए : **17-04-2023**
   वर्ग सातवाँ के लिए : **18-04-2023**

   निर्धारित तिथि में नामांकन नहीं करा सकने पर दिनाँक **19-04-2023** से **22-04-2023** तक वर्ग छठवाँ और सातवाँ दोनों के लिए नामांकन खुला रहेगा।

कार्यालय अवधि : 8.30 बजे से 1.00 बजे अपराह्न तक

2. नामांकन के लिये **स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र** (टी.सी.) प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
   (क) स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड में छात्र का नाम, जन्म तिथि, माता-पिता का नाम एक समान हो।
   (ख) गुमला जिला के बाहर से आने वाले छात्रों के टी.सी. पर संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी/जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा प्रतिहस्ताक्षर **Countersign** कराना अनिवार्य है।
   (ग) झारखण्ड बोर्ड के अधीनस्थ विद्यालयों के अलावा अन्य सभी विद्यालयों के छात्रों के टी.सी. पर प्रतिहस्ताक्षर कराना अनिवार्य है।
   (घ) गुमला जिला के स्वीकृत एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों के टी.सी. पर प्रतिहस्ताक्षर कराने की **आवश्यकता नहीं है।**
3. नामांकन के समय अपने विद्यालय से निर्गत **वार्षिक परीक्षा का प्रगति-पत्र** प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
4. विभागीय निर्देशानुसार प्रत्येक छात्र का आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक खाता संख्या एवं IFSC कोड (पासबुक की छायाप्रति) कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।
5. नामांकन के समय ही विविध शुल्क यथा अभिभावक सहयोग राशि, छात्र कोष, विकास कोष, कम्प्युटर, डायरी, प्रगति-पत्र, परिचय-पत्र आदि का वार्षिक शुल्क चुकाना अनिवार्य है।
6. **शिक्षा विभाग के संकल्प के अनुसार मैट्रिक की परीक्षा के पहले जन्म तिथि अथवा उम्र कम करने की अनुमति नहीं है,** इसलिए नामांकन के समय दी जाने वाली जन्म-तिथि, नाम, माता-पिता का नाम ही प्रमाणिक समझा जाता है। यह जानकर माता-पिता नामांकन के समय सोच-समझकर प्रमाण के साथ अपने बच्चे की जन्म तिथि प्रस्तुत करेंगे। बाद में इस पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
   वर्ग छठवाँ के छात्र की उम्र नामांकन के समय 28 फरवरी 2023 को कम से कम 11 वर्ष और सातवाँ वर्ग के लिए कम से कम 12 वर्ष पूरा हो।

   नोट :- छठवाँ वर्ग के लिए **28-02-2014** के **पूर्व की जन्म तिथि** हो।
   सातवाँ वर्ग के लिए **28-02-2013** के **पूर्व की जन्म तिथि** हो।
7. **अगर कारणवश निर्धारित तिथियों के बीच नामांकन कराने में असमर्थ हों, तो कारण बताते हुए प्रधानाध्यापक को आवेदन देकर सूचित करें, अन्यथा निर्धारित तिथियों के बाद आपके पुत्र/पाल्य के नामांकन पर विचार नहीं किया जाएगा।**
8. नामांकन के समय प्रवेश-पत्र (**फार्म का अधकटी अवश्य लावें**)

Headmaster
St. Ignatius High School
Gumla-835207
प्रधानाध्यापक